श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 131, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार, 17 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## उ0प्र0 के सम्भल में बड़ा हादसा, बस और गैस कैप्सूल की टक्कर, आठ की मौत–कई घायल

**आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर सम्भल में अलीगढ़ की बस और गैस कैप्सूल की सीधी टक्कर हादसे में आठ की मौके पर दर्दनाक मौत कई के शव बस व कैप्सूल में फंसे। कई और के मरने की संभावना पुलिस ने जताई है।**



**सम्भल, जेएनएन।** आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की सुबह 10:15 बजे के करीब अलीगढ़ डिपो की सरकारी बस और गैस कैप्सूल के बीच हादसा हो गया। हादसा वाहन को ओवरटेक करने के दौरान हुआ। सम्भल के धनारी थानाक्षेत्र के ग्राम मानकपुर की मढैया के निकट हुए इस हादसे में आठ लोगों की जान चली गई। हादसे में आधी बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कैप्सूल का अगला हिस्सा डैमेज हो गया।

सूचना मिलने पर एसपी चक्रेश मिश्र के अलावा कई थानों की फोर्स पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग ने हाईवे के अस्पतालों को अलर्ट कर दिया। एंबुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। कैंटर में चालक का शव फंसा रहा उसे निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा कैप्सूल के पहिए के नीचे भी एक शव दबा हुआ था। उसे भी निकाला गया। मौके से आठ शव निकाले गए। हादसे के बाद हाईवे पर आवागमन रोक दिया गया। गैस रिसाव की आशंका जताई जा रही थी।

सुबह 10 बजे तक कोहरा जारी रहा। ऐसे में सड़कों पर विजिबिलिटी पूरी तरह से 50 मीटर से भी कम रही। इस हादसे के पीछे भी विजिबिलिट का कम होना ही प्रमुख कारण रहा। मुरादाबाद मंडल में इससे पहले भी कोहरे में कई हादसे हो चुके हैं।

कैप्सूल गैस लेकर अलीगढ़ की तरफ से मुरादाबाद जा रहा था जबकि सरकारी बस मुरादाबाद से अलीगढ़ जा रही थी। मानकपुर की मढैया के निकट कैप्सूल ने गन्ना लदी ट्राली से साइड लिया। कोहरा तेज था और चालक ने स्पीड बढ़ाकर ओवरटेक किया। उसी समय मुरादाबाद की तरफ से अलीगढ़ जा रही सरकारी बस से उसकी सीधी टक्कर हो गई और यह हादसा हो गया। मृतकों के नाम- 1- जितेंद्र कुमार पुत्र कोमल सिंह निवासी झिलमिल नगीना देहात बिजनौर, 2- रोहित राणा पुत्र जगदीश राणा विकास नगर चंदौसी (कांस्टेबल 112 नरौरा), 3- छोटे सिंह पुत्र तेज सिंह गांव पिलखना कोतवाली नरौरा बुलंदशहर, 4- अनिला कुमारी पत्नी अशोक कुमार मोहल्ला चौकी पर बहजोई।, 5-सलीम पुत्र काले खां रजानगर क्वार्सी अलीगढ़ (बस चालक), 6-असलम(35) पुत्र साविर कुंदरकी मुरादाबाद, 7-सुदेश राजपूत पुत्र देशराज राजपूत रामनावाला ठाकुरद्वारा मुरादाबाद (कैप्सूल चालक), 8-ओमप्रकाश पुत्र मेवाराम रामनाथ कालोनी रामपुर।

## सुप्रीम कोर्ट ने 8 आंदोलनकारी किसान संगठन को समिति में शामिल करने की अनुमति दी

**नई दिल्ली, एएनआइ।** दिल्ली में किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे और जस्टिस एएस बोपन्ना और वी रामासुब्रमण्यम की खंडपीठ ने किसान संगठनों को से बातचीत के लिए समिति गठन के लिए कहा है। इस मामले की सुनवाई कल सुप्रीम कोर्ट में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के कई बॉर्डर पर विरोध कर रहे किसानों को तुरंत हटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने की मांग करने वाली दलीलों के एक बैच पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों को हटाने की मांग वाली याचिकाओं में आठ किसान यूनियनों को समिति में शामिल करने के लिए अनुमति दी। इसमें भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू, राकेश टिकैत), बीकेयू सिद्धपुर (जगजीत एस डंगवाल), बीकेयू-राजेवाल (बलबीर सिंह राजेवाल), बीकेयू - लखोवाल (हरिंदर सिंह लखोवाल), जम्हूरी किसान सभा (कुलवंत सिंह संधू), बीकेयू -डाकाउंडा (बूटा सिंह बुर्जगिल), बीकेयू - दोआबा (मनन सिंह राय) और कुल हिंद किसान महासंघ (प्रेम सिंह भंगू)। केंद्र के नए कृषि कानून के विरोध में पिछले 20 दिन से दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर किसान बैठे हुए हैं। उन्हें हटाने के लिए लॉ के छात्र और वकील एडवोकेट द्वारा दायर की गई जनहित याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। कोर्ट ने किसान यूनियन को नोटिस भेज रास्ता रोकने वाले किसानों के नाम गुरुवार तक देने को कहा है। साथ ही इस बात की संभावना जताई है कि यदि मामला जल्द नहीं सुलझाया गया तो इस मामले के राष्ट्रीय मुद्दा बनने में देर नहीं लगेगी और इसलिए केंद्र सरकार व किसान प्रतिनिधियों को कमेटी बनाने का आदेश दिया है, ताकि मामला जल्दी सुलझाई जा सके। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। कोर्ट ने कहा है कि आंदोलन कर रहे किसान संगठनों का भी पक्ष सुना जाएगा। साथ ही कोर्ट ने सरकार से सवाल किया कि अब तक मामले में समझौता क्यों नहीं हुआ। कोर्ट ने किसान संगठनों को भी नोटिस जारी किया है।

## कोरोना से बिगड़ी आर्थिक सेहत दुरुस्त करने के लिए न्यू डेवलपमेंट बैंक भारत को देगा एक अरब डॉलर का कर्ज

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** भारत सरकार और न्यू डेवलपमेंट बैंक बुधवार को एक लोन एग्रीमेंट पर सहमत हुए। समाचार एजेंसी आइएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस समझौते के तहत न्यू डेवलपमेंट बैंक भारत को अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए एक अरब डॉलर का कर्ज मुहैया कराएगा। एनडीबी से मिले इस कर्ज से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जान फूंकने का काम होगा। यह कर्ज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण रोजगार सृजन से जुड़े बुनियादी ढांचे पर खर्च किया जाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के चलते घरेलू आपूर्ति प्रभावित हुई। यही नहीं इसके चलते डिमांड प्रभावित हुई नतीजतन आर्थिक गतिविधियों पर गंभीर असर पड़ा।



रिपोर्ट में कहा गया है कि देशव्यापी लॉकडाउन के चलते बड़े पैमाने पर लोगों को नौकरियों से हाथ धोना पड़ा। कामगारों की आय पर गहरा धक्का लगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे श्रमिकों के रोजगार और आमदनी में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस कर्ज से महामारी के प्रतिकूल आर्थिक प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। यही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सुधार और खुशहाली का रास्ता भी खुलेगा।

यह रकम प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन पर भी खर्च की जाएगी जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने के साथ साथ और रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा मिलेगा जो आर्थिक गिरावट को रोकने में मददगार साबित होगा। इससे खासतौर पर प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करने में मदद मिलेगी जो महामारी के चलते अपनी आजीविका खो चुके हैं।

## किसान हित से कोई समझौता नहीं, फसल खरीद कर 72 घंटे के भीतर भुगतान : सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने आवास पर किसान कल्याण मिशन के क्रियान्वयन तथा उत्तर प्रदेश कृषक उत्पादक संगठन नीति-2020 के प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए। कहा किसान हित से सरकार कोई समझौता नहीं करेगी।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसान हित से सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। बुधवार को अपने आवास पर किसान कल्याण मिशन के क्रियान्वयन तथा उत्तर प्रदेश कृषक उत्पादक संगठन नीति-2020 के प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए।

मुख्यमंत्री ने किसानों से फसल खरीद कर 72 घंटे के भीतर भुगतान कराने के निर्देश दिए। किसान कल्याण मिशन के बारे में बताया कि इसे सभी विकासखंडों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। इसके तहत कृषि व सहयोगी सेक्टर की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसमें स्थानीय स्तर पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमिता इकाइयों तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित प्रमुख उत्पादों को शामिल किया जाएगा। किसान गोष्ठियों का भी आयोजन होगा। मिशन में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, मण्डी परिषद, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना, खाद्य एवं रसद, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, सिंचाई, लघु सिंचाई, रेशम, वन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, सूचना एवं जनसम्पर्क जैसे विभाग शामिल होंगे। इस मिशन के लिए कृषि विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का आयोजन विधानसभा क्षेत्रवार करने और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, गन्ना विकास मंत्री सुरेश राणा, अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना आयुक्त संजय भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव खाद्य प्रसंस्करण मनोज सिंह, प्रमुख सचिव वीना कुमारी मीना, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार भी उपस्थित थे।

## हाथरस में नकली मसाला बनाने की फैक्ट्री का राजफाश, मिला रहे थे गधे की लीद और एसिड

**उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में नकली मसाला बनाने की फैक्ट्री का राजफाश हुआ है। यहां नकली मसाले में गधे की लीद एसिड भूसा और अखाद्य रंगों का उपयोग किया जा रहा था। इन मसालों को बनाकर विभिन्न कंपनियों के रैपर में पैक कर सप्लाई किया जा रहा है।**



**हाथरस, आईएएनएस।** अधिक धन कमाने के लालच में मिलावटखोर 'स्वास्थ्य ही धन' है का असली मंत्र भूल जाते हैं। यह मिलावट लोगों में धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। ऐसी ही सेहत से खिलवाड़ कर नकली मसाला बनाने की फैक्ट्री का राजफाश उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुआ है। चौंकाने वाली बात यह है कि नकली मसाले में गधे की लीद, एसिड, भूसा और अखाद्य रंगों का उपयोग किया जा रहा था। इन मसालों को बनाकर विभिन्न कंपनियों के रैपर में पैक कर बाजार में सप्लाई किया जा रहा था।

हाथरस पुलिस ने गधे की लीद और एसिड का उपयोग कर स्थानीय ब्रांडों के नकली मसाले बनाने वाली एक फैक्ट्री का खुलासा किया है। हाथरस कोतवाली सदर इलाके के नवीपुर में चल रही मिलावटी मसाला बनाने की फैक्ट्री पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने एफडीए की टीम के साथ छापा मारा। यहां से भारी मात्रा में नकली मसाला बनाने का सामान भी बरामद किया गया। यह फैक्ट्री हिंदू युवा वाहिनी के सह मंडल प्रभारी अनूप वार्ष्णेय की है। वह भी मौके पर ही टीम को मिला। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में फैक्ट्री को सील किया गया। इधर, फैक्ट्री संचालक को फिलहाल शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 27 से अधिक नमूनों को परीक्षणों के लिए भेजा गया है और लैब से रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि स्थानीय ब्रांडों के नाम पर 300 किलोग्राम से अधिक नकली मसाले जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि छापे के दौरान नकली मसालों को तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई सामग्री बरामद की गई है, जिनमें गधे का गोबर, भूसा, अखाद्य रंग और एसिड से भरे ड्रम शामिल हैं। दबिश के दौरान भारी मात्रा में नकली मसाले जैसे कि धनिया, हल्दी, लाल मिर्च, गरम मसाला इत्यादि भंडारित किए हुए पाए गए। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मिलावट स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित हो सकती है, खासकर अगर लंबे समय तक इसका सेवन किया जाए। अधिकारियों के अनुसार, छापे के दौरान मौके पर विभिन्न ब्रांड के करीब 1000 खाली पैकेट और करीब 100 पैकेट भरे हुए मसालों के पाए गए। जब फैक्टरी मालिक अनूप वार्ष्णेय से इन ब्रांडों के लाइसेंस संबंधी कागजात मांगे गए तो मौके पर वह कोई भी लाइसेंस संबंधी कागज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इस पर एसडीएम ने फैक्ट्री को सील कर दिया गया। अनूप वार्ष्णेय निवासी चौबे वाली गली की नवीपुर में अवैध रूप से मसाला फैक्ट्री चल रही थी। जहां पर नकली मसाले बनाकर उन्हें पैक करके बाजार में सप्लाई किया जाता था। मौके से भारी मात्रा में नकली मसाले बनाने का सामान बरामद किया गया है।

## 'बहू से नहीं छीन सकते ससुराल में रहने का हक', घरेलू हिंसा कानून के तहत सुप्रीम कोर्ट ने दी अहम व्यवस्था



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कहा कि बहू से ससुराल के साझे घर में रहने का हक नहीं छीना जा सकता। अदालत ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक कानून, 2007 के तहत त्वरित प्रक्रिया अपनाकर किसी महिला को घर से नहीं निकाला जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा से महिलाओं की रक्षा कानून, 2005 (पीडब्ल्यूडीवी) का उद्देश्य महिलाओं को ससुराल के घर या साझे घर में सुरक्षित आवास मुहैया कराना एवं उसे मान्यता देना है, भले ही साझा घर में उसका मालिकाना हक या अधिकार नहीं हो। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'वरिष्ठ नागरिक कानून, 2007 को हर स्थिति में अनुमति देने से, भले ही इससे किसी महिला का पीडब्ल्यूडीवी कानून के तहत साझे घर में रहने का हक प्रभावित होता हो, वह उद्देश्य पराजित होता है, जिसे संसद ने महिला अधिकारों के लिए हासिल करने एवं लागू करने का लक्ष्य रखा है।' शीर्ष अदालत ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा करने वाले कानून का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वे बेसहारा नहीं हों या अपने बच्चे या रिश्तेदारों की दया पर निर्भर नहीं रहें। पीठ ने कहा, 'इसलिए साझे घर में रहने के किसी महिला के अधिकार को इसलिए नहीं छीना जा सकता है कि वरिष्ठ नागरिक कानून 2007 के तहत त्वरित प्रक्रिया में खाली कराने का आदेश हासिल कर लिया गया है।' पीठ में जस्टिस इंदु मल्होत्रा और जस्टिस इंदिरा बनर्जी भी शामिल थीं।

कर्नाटक हाई कोट के आदेश के खिलाफ एक महिला द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। हाई कोर्ट ने महिला को ससुराल के घर को खाली करने का आदेश दिया था। सास और ससुर ने माता-पिता की देखभाल और कल्याण तथा वरिष्ठ नागरिक कानून, 2007 के प्रावधानों के तहत आवेदन दायर किया था और अपनी पुत्रवधू को उत्तर बेंगलुरु के अपने आवास से निकालने का आग्रह किया था।

उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 17 सितंबर, 2019 के फैसले में कहा था कि जिस परिसर पर मुकदमा चल रहा है वह वादी की सास (दूसरी प्रतिवादी) का है और वादी की देखभाल और आश्रय का जिम्मा केवल उनसे अलग रहरहे पति का है।

## चीनी सीमा पर वायुसेना को मिलेगी 360 डिग्री निगरानी क्षमता

**इन विमानों के निर्माण से सशस्त्र बलों को 360 डिग्री सद्दवलांस क्षमता विकसित करने में मदद मिलेगी। सूत्रों ने मुताबिक एईडब्ल्यूएंडसी ब्लॉक-2 एयरक्राफ्ट नेत्र सर्विलांस विमानों के मुकाबले ताकतवर होंगे और दुश्मन के इलाके में अंदर तक 360 डिग्री कवरेज प्रदान करेंगे।**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा और पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर निगरानी की क्षमता को और मजबूत बनाने के लिए भारत ने छह नए एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल प्लेन का निर्माण करने का फैसला किया। इसके लिए एयर इंडिया के छह नए विमान उपयोग में लाए जाएंगे। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) इन विमानों को विकसित करेगा और इससे स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही छह नए सर्विलांस एयरक्राफ्ट मिलने के बाद वायुसेना की निगरानी क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार एईडब्ल्यूएंडसी ब्लॉक-2 विमान को डीआरडीओ के जरिये 10,500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के तहत विकसित किया जाएगा। इसके लिए एयर इंडिया से छह विमान अधिग्रहित किए जाएंगे और उन्हें रडार के साथ उड़ान भरने के लिए परिवर्तित किया जाएगा।

इन विमानों के निर्माण से सशस्त्र बलों को 360 डिग्री सद्दवलांस क्षमता विकसित करने में मदद मिलेगी।सूत्रों ने मुताबिक एईडब्ल्यूएंडसी ब्लॉक-2 एयरक्राफ्ट नेत्र सर्विलांस विमानों के मुकाबले ताकतवर होंगे और दुश्मन के इलाके में अंदर तक 360 डिग्री कवरेज प्रदान करेंगे। नए विमानों के विकास के लिए एयर इंडिया से छह विमान अधिग्रहित करने का मतलब ये है कि यूरोपियन कंपनी से छह एयरबस 330 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदने की योजना को टाल दिया गया है।

डीआरडीओ ने पहले छह नए एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (अवॉक्स) को एयरबस 330 एयरक्राफ्ट पर विकसित करने का फैसला किया था, जिसके लिए बेंगलुरु में सुविधाएं तैयार की जा रही थीं। सूत्रों ने कहा कि योजना के मुताबिक एयर इंडिया के छह विमानों को यूरोपियन कंपनी के पास भेजा जाएगा और वहां सुधार के बाद इन विमानों पर रडार स्थापित किए जाएंगे। प्रोजेक्ट को इस तरह तैयार किया गया है कि डिफेंस सेक्टर में 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रमोट किया जा सके।

ब्लॉक-1 प्रोजेक्ट पहले ही अपनी डेडलाइन से बहुत देरी से चल रहा है, हालांकि इस तरह के विमान विकसित करने में अपने गहन अनुभव के चलते डीआरडीओ का एयरबोर्न स्टडीज लैब इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने में लगा हुआ है। भारतीय वायुसेना के पास तीन फॉल्कन अवॉक्स सिस्टम हैं, जिन्हें इजरायल और रूस से खरीदकर विकसित किया गया है। ब्लॉक-1 सिस्टम के लिए जहां इजरायल से रडार खरीदा गया, वहीं रूस के इल्यूशिन-76 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पर इसे फिट किया गया।

डीआरडीओ की ओर से विकसित किए गए दो नेत्र विमानों ने हालिया तनाव के दौरान बेहतरीन काम किया और दुश्मन की सीमा में अंदर तक सर्विलांस कवरेज प्रदान की है। छह नए 'आइ इन द स्काई' विमानों को देश में अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा ताकि पड़ोसी देशों से लगी सीमा पर निगरानी की प्रक्रिया प्रभावी तरीके से काम करे।

